## कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

क्र./एफ– / सा.प्र.वि./शि.जा./25/1516 भिलाई, दिनांक 15/10/2025

### //आदेश//

श्री विष्णु प्रसाद कुरेसिया, सफाई कामगार, जोन क्रं. 04 शिवाजी नगर खुर्सीपार द्वारा वार्ड क्रं.38 शक्ति नगर दुर्गा पारा, दुर्गा पारा जैन मंदिर के पीछे, जायसवाल घर के पास, शास्त्री मार्केट एवं प्रगति मार्केट में पम्प चलाने का कार्य किया जा रहा था, एवं पम्प हाउस की चॉबी भी रखे हुए थे बिना सूचना के दिनांक 15.02.2025 को अपने कार्य पर अनुपस्थित थे। चूँकि पेय–जल अतिआवश्यक सेवा होने के कारण पानी की आपूर्ति नही होने से आम नागरिकों को समय पर पानी नही मिलने से आम नागरिकों एवं जन प्रतिनिधियों के आक्रोश का सामना कार्यालय को करना पड़ा एवं बिना पूर्व सूचना के कार्य पर अनुपस्थित रहने के संबंध में जोन आयुक्त जोन क्रं.04 से प्राप्त नोटशीट के आधार पर कार्यालयीन पत्र क्रं./एफ–1/सा.प्र.वि./25/781 भिलाई दिनांक 01.05.2025 के द्वारा विभागीय जांच संस्थित की गई। विभागीय जांच कार्यवाही में जांच पूर्ण कर जांचकर्ता अधिकारी द्वारा दिनांक 15.09.2025 को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत की गई जांच प्रतिवेदन के आधार पर अधिरोपित सभी आरोप प्रमाणित होने एवं दण्ड़ के प्रश्न पर पक्ष रखने अवसर प्रदान किये जाने कार्या. पत्र क्रं.1255 भिलाई दिनांक 19.06.2025 को पत्र प्रेषित किया गया, किन्तु श्री विष्णु प्रसाद कुरेसिया, सफाई कामगार उपस्थित नही हुए एवं अपने पक्ष में कोई भी जवाब प्रस्तुत नही किया गया है।

तत्पश्चात् विभागीय जांच में अधिरोपित सभी आरोप प्रमाणित होने के कारण लघु शास्ति अधिरोपित करते हुए श्री विष्णु प्रसाद कुरेसिया, सफाई कामगार की आगामी 02(दो) वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी जाती है एवं संस्थित विभागीय जांच समाप्त किया जाता है।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ.क्र./एफ– /सा.प्र.वि./शि.जा./25/1517 भिलाई, दिनांक 15/10/2025

प्रतिलिपि :–

1. महापौर, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
2. अपर आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
3. उपायुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
4. जोन आयुक्त जोन क्रं.04 शिवाजी नगर खुर्सीपार, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
5. लेखाधिकारी/जनसंपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
6. सहायक अधीक्षक स्थापना, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
7. प्रभारी स्थापना लिपिक, नगर पालिक निगम, भिलाई को अग्रिम कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
8. प्रभारी लिपिक डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम, भिलाई को विभागीय वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।
9. **श्री विष्णु प्रसाद कुरेसिया, सफाई कामगार,** जोन क्रं. 04 शिवाजी नगर खुर्सीपार, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई